## एक नजर में

### सात दिवसीय श्री राम कथा का आज से

**रतलाम।** श्री हरि कथा योजना एवं वनवासी ट्रस्ट के निर्देशन में श्री राम कथा समिति रतलाम द्वारा सात दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन आज 13 जुलाई से 19 जुलाई 2025 तक श्री कालिका माता मंदिर हॉल, रतलाम में दोप. 3 बजे से प्रारम्भ होगी। एकल अभियान एवं श्री हरि कथा आयोजन समिति रतलाम ने जानकारी देते हुए बताया कि सात दिवसीय श्री राम कथा का वाचन कथा वाचक सुश्री गीता कुमारी जी (वनवासी कथा वाचक) द्वारा किया गया। आयोजन के पहले दिन 13 जुलाई को कलश यात्रा प्रातः 12.30 बजे श्री गोपाल जी का बड़ा मंदिर से प्रारम्भ होगी जो कि नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल पर पहुंचेगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सम्मिलित होगी। आयोजन समिति ने नगर की धर्मालुजनों से आग्रह किया है कि सात दिवसीय आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेवें।

### भंवरलाल भाटी की रचनाओं का पाठ आज

**रतलाम।** जनवादी लेखक संघ की एक रचनाकार का रचना संसार श्रृंखला के तहत चौथी कड़ी में 13 जुलाई को कार्यक्रम होगा। शहर के प्रसिद्ध कवि रहे भंवरलाल भाटी की रचनाओं का पाठ रचना प्रेमी करेंगे। सहसराज स्थित भगत सिंह पुस्तकालय में सुबह 11 से होने वाले रचना पाठ में स्वर्ग की भाटी की रचनाओं की प्रस्तुति के माध्यम से उन्हें याद किया जाएगा। जनवादी लेखक संघ अध्यक्ष रणजीतसिंह राठौड़, सचिव सिद्धीक रतलामी ने बताया कि स्वर्गीय भाटी के व्यक्तित्व वह कृतित्व पर चर्चा की जाएगी।

### मजदूर संघ की पीएनएम में 33 मुद्दों पर बनी सहमति

**रतलाम।** वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ की शुक्रवार को दूसरी पीएनएम मीटिंग हुई। रेलवे अधिकारियों के सामने वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ ने अनेक मुद्दे रखे। इनमें से तीन पर सहमति बन गई है। प्रारंभ में मंडल मंत्री अभिलाष नगर को सहायक महामंत्री बनने पर डीआरएम ने सम्मानित किया। इसके बाद मंडल मंत्री नगर मंडल अध्यक्ष प्रताप गिरी के साथ कर्मचारियों ने हर मुद्दे पर अधिकारों से बात की। इनमें रेल आवास ऑन का प्राथमिकता से सुधार और रखरखाव मुद्दा प्रमुखता से उठाया। अधिकारियों ने मेंटेनेंस करने की सहमति थी। सहायक मंडल मंत्री गौरव दुबे, अतुल सिंह राठौड़, बलराम बड़गोत्या, नरेंद्र सिंह सोलंकी, दीपक गुप्ता, संजय कुमार, अमित चौहान, लक्ष्मीचंद जाखड़, कमलेश चौधरी, रविराज परिहार, प्रहलाद मीणा, नरेंद्र सहगल, संध्या यादव, उषा खींची आदि उपस्थित रहे।

### सांवरिया सेठ पैदल यात्रा का बिलपांक में स्वागत

**रतलाम।** ग्राम देसाई-बिड़वाल से सांवरिया सेठ के दर्शन करने जा रहे पैदल यात्रियों का बिलपांक में भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रियों को भोजन प्रसादी कराई। यात्रा के संयोजक अशोक पटेल ने बताया की पैदल यात्रा धार्मिक उत्साह और सौहाद का प्रतीक है। इस दौरान बिलपांक के संजय पाटीदार हाका, बसंतीलाल पाटीदार, राधेश्याम चौधरी, भरत प्रजापत, भगवती लाल पाटीदार, धर्मेंद्र गोयल और अभिषेक पाटीदार सहित अन्य मौजूद थे।

### वाड़ी योजना अंतर्गत फलदार पौधे वितरित

**रतलाम।** नाबार्ड एवं समय फाउंडेशन एनजीओ रतलाम के सहयोग से रतलाम जिले के कनेरी एवं कलमोडा पंचायत के ग्राम घोड़ाखेड़ा, लखनगढ़, सीमलापाड़ा एवं खीमापाड़ा के आदिवासी किसानों को इस वर्ष लगने वाली 100 वाड़ियों मे प्रति किसान को 120 अमरुद, 30 आम एवं 60 नींबू के पौधो का वितरण जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड एनके सोनी द्वारा किया गया। उक्त योजना में अभी तक 130 वाड़िया जिले के विभिन्न गांवो में लगाई जा चुकी है, जिसका प्रमुख उद्देश्य खेती के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के फलों का अधिकतम मात्रा में उत्पादन करके आदिवासी किसानों की आय में बढ़ोतरी की जा सके ताकि सरकार का किसानो की आय दुगना करने का सपना पूर्ण हो सके। इस अवसर पर समय फाउंडेशन के प्रबंधक श्री अजय शर्मा, जीवन चैहन, राजेश परमार एवं आजाद सिंह उपस्थित रहे।

### आप खुश रहना चाहते है तो सबसे पहले मैं को छोड़ों: डॉ संयमलता

**रतलाम।** आई वांट हैप्पीनेस, यदि आप खुश रहना चाहते है तो सबसे पहले आई मैं को छोड़ो, जँहा मैं है, मेरा है वँहा समस्या है। फिर वांट (चाहना) छोड़ो, किसी भी वस्तु की चाहत को छोड़ दो, चाहत कभी पूरी नही होती। फिर बचेगा केवल हैप्पीनेस। बस यही है खुश रहने का फार्मूला। उक्त विचार नीमचौक स्थानक पर आयोजित धर्मसभा में महासती दक्षिण चन्द्रिका डॉ संयमलता म.सा. ने व्यक्त करते आपने फरमाया की इस संसार के अंदर कौन सुखी है, आप सुखी है या दुखी है, हर व्यक्ति इस संसार में दुखी है कोई शारीरिक कोई मानसिक कोई आर्थिक रूप से दुखी है। इस संसार में एक व्यक्ति हँसता है तो दस व्यक्ति रोते हैं। देवलोक के देवता भी मनुष्य जन्म पाने के लिये तरसते है। क्योंकि देवता वृति नही हो सकते है, वो त्याग नियम प्रत्याख्यान नही कर सकते है। मनुष्य क्षण में दुःख और क्षण में सुख महसुस करने लगता है। थोड़ी सी गर्मी लगी दुख थोड़ी सी हवा चली सुख। गरीब मंदिर के बाहर बैठकर माँगता है और अमीर मंदिर के अंदर माँगता है। निसंतान दुखी है, संतान वाला संतान के कारण दुखी है। श्रमण संघीय जैन दिवाकरीय महासाध्वी डॉ.श्री संयम लताजी म.सा. डॉ. श्री अमित प्रज्ञाजी म.सा., डॉ. श्री कमलप्रज्ञाजी म.सा. श्री सौरभ प्रज्ञाजी म.सा. आदि ठाणा-4 का आराधनामय चातुर्मास त्याग तपस्या के साथ नीमचौक स्तिथ जैन स्थानक में चल रहा है। धर्मसभा में जैन शोशयल ग्रुप रतलाम ग्रेटर के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे। दोपहर में महिलाओं के लिये नवकार मंत्र पर आधारित प्रश्नमंच का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 105 महिलाओं के 35 ग्रुप्स ने सहभागिता की कार्यक्रम का संचालन विनोद बाफना एवं आभार श्रीसंघ अध्यक्ष अजय खमेसरा ने किया।

### मनुष्य जन्म हमें सोई हुई आत्मा को जगाने के लिए मिला : डॉ अमृत रसा



**जावरा।** हमे अनंत पुण्योदय के उपार्जन से मनुष्य जन्म मिला है और मनुष्य जन्म हमें अपनी सोई हुई आत्मा को जगाने के लिए मिला है। चार गतियों में मनुष्य गति को ही सर्वश्रेष्ठ माना गया है। हम सौभाग्य शाली है कि मनुष्य जन्म के बाद हमे जैन कुल मिला है। हम आर्य देश में पैदा हुए जहां देव गुरु और धर्म है जहां हमे जिनवाणी सुनने का अवसर मिलता है। सच्चे मन से सुनी जिनवाणी का एक शब्द भी हमारे जीवन को बदल सकता है। परमात्मा की पूजन से ज्यादा महत्व जिनवाणी का श्रवण करने में है। गुरु की जिनवाणी को सुन कर आत्मसात करना ही गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा है। जिनवाणी तो अनेकों लोग सुनते है लेकिन अगर उनमें से एक व्यक्ति भी उस राह पर चले तो गुरु के लिए वही सच्चा भक्त होता है। यह बात साध्वी भगवंत डॉ अमृत रसा मसा ने पीपली बाजार उपाश्रय में धर्मसभा को संबोधित करते हुई कही। उन्होंने कहा कि जब तक हम स्वस्थ है हमे तप जप कर लेना चाहिए। कब यमराज का बुलावा आ जाए पता नहीं कर्मो का क्षय करने के लिए मनुष्य जन्म मिला है। हम सौभाग्यशाली है कि परमात्मा ने हमारी पांचों इंद्रियों (नाक,कान,आंख,मुंह और जीभ) को पूर्ण रूप से हमको दिया है जिससे हम सब कुछ अच्छे से कर सकते है दुनिया में लगभग 200 करोड़ लोगों को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिलता, 25 करोड़ लोगों को एक समय खाने को भोजन नहीं मिलता, 4 करोड़ लोग देख नहीं सकते लेकिन हम सौभाग्यशाली है कि हमें ये सब नहीं भुगतना पड़ रहा है कल से साम्रादित्य महाकथा शास्त्र का पाठन होगा।

# अतिथियों ने 146 रेलवे अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र वितरित किए

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 16वें रोजगार मेला में शामिल नव-नियुक्त अभ्यर्थियों को संबोधित

**कार्यक्रम में 194 अभ्यर्थी उपस्थित शामिल हुए**

किया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार द्वारा रतलाम के सांस्कृति सभा गृह में आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप, सांसद अनिता




नागरसिंह चौहान, महापौर प्रहलाद पटेल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में लगभग 194 अभ्यर्थी उपस्थित थे, जिनमें से 146 अभ्यर्थी रेलवे से संबंधित थे।

कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक रतलाम अश्वनी कुमार सहित रेलवे के अन्य अधिकारी तथा अन्य विभागों जैसे डाक विभाग, बैंक एवं आईआईटी इंदौर के अधिकारी उपस्थित रहे। रोजगार मेला, प्रधानमंत्री की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता की दिशा में एक ठोस कदम है। यह पहल युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का अवसर देने हेतु प्रेरक भूमिका निभाएगी। देश के विभिन्न हिस्सों से चयनित नव-नियुक्त अभ्यर्थी भारत सरकार के अधीन विभिन्न पदों पर नियुक्त होंगे, जैसे कि टेक्नीशियन, सहायक, बैंक पीओ, पाइंटसमैंन, डाक सेवक आदि।

**इन विभागों में नियुक्ति**

प्रत्येक स्थान पर केंद्रीय मंत्री/ मुख्य अतिथि भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में रेलवे के अतिरिक्त भारतीय डाक विभाग, आईआईटी इंदौर, केंद्रीय बैंकों आदि जैसे अन्य सरकारी विभागों/ संगठनों/ सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में नियुक्त अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र स्थानों पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सौंपे गए।

## एसपी ने थानों का किया निरीक्षण,अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याएं सुनी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** एसपी अमित कुमार द्वारा ने शनिवार को थाना बिलपांक पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी

**थाना भवन, हवालात, मालखाना चेकिंग कर दिए निर्देश**

बिलपांक निरीक्षक अय्यूब खान एवं थाना स्टाफ से थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था एवं लंबित अपराध के संबंध में चर्चा की। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी के साथ थाना परिसर का भ्रमण किया गया। जिसमें हवालात, शस्त्रागार, रिकॉर्ड रूम, का निरीक्षण किया गया। ड्यूटी पर उपस्थित अधिकारी से थाने का रिकॉर्ड, ड्यूटी रजिस्टर, एफआईआर, शिकायत इत्यादि अभिलेखों का संधारण देखा गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस




अधिकारियों कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर निराकरण किया गया। एसपी ने थाना प्रभारी अय्यूब खान को आगामी त्योहारों के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने एवं सक्रियता बनाए रखने के निर्देश प्रदान किए। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल को रात्रि गश्त के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी को फरियादियों की सभी शिकायतों को गंभीरता के साथ सुनकर संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। अच्छा व्यवहार करे और हरसंभव मदद का प्रयास करें।

**थाना एवं हवालात का निरीक्षण किया:** पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार द्वारा थाना हवालात चेक किया। हवालात में साफ सफाई रखने, बंदी की खाने पानी की व्यवस्था का जायजा लिया। हवालात में सुरक्षा के मापदंड देखे। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

**स्टेशन रोड थाने का निरीक्षण**

थाना स्टेशन रोड पर थाना प्रभारी स्वराज डाबी एवं थाना मानक चौक पर थाना प्रभारी अनुराग यादव के साथ थाना निरीक्षण किया। लंबित शिकायतो एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर के थाना प्रभारियों को आदतन अपराधियों, हिस्ट्री शीटर, गुंडा बदमाशों पर नजर रखने एवं अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त होने पर कड़ी कारवाई करने के निर्देश दिए। महिला एवं बच्चों के साथ होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों पर प्रभावी कारवाई करने, लंबित अपराधों के शीघ्र निराकरण, अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार के विरुद्ध कड़ी कारवाई करने, फरार वारंटियों की गिरफ्तारी आदि के संबंध में निर्देश प्रदान किए।



## संत आगमन पर हरित माला से स्वागत

**रतलाम।** श्री रुद्र महाकाल सेवा समिति रतलाम द्वारा 36 दिवसीय 108 महादेव मंदिर पूजन संकल्प यात्रा पूर्णाहुति आज प्रातः 7 बजे से काश्यप सभागृह पर होगी। आयोजन के एक दिन पूर्व वाहन रैली में श्रीश्री 1008 श्री नर्मदानंदजी बापजी व राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य पं. युवराज पाण्डेय के प्रथम नगर आगमन के दौरान संस्थाओं ने स्वागत किया। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार संगठन जिला प्रभारी विशाल कुमार वर्मा द्वारा अमृता गिलोय बेल हरित माला से सम्मान किया। जिससे संत प्रभावित हुए बापजी ने कहा यह तो सृष्टि का आरोग्यदायी उपहार हैं। योगगुरु वर्मा ने समस्त नगरवासी संस्कृति संरक्षा में परिवार संग सम्मिलित होने का आग्रह किया।

## सावन माह : प्रतिदिन बागडेश्वर महादेव का होगा अभिषेक





**रतलाम।** श्री बागड़ा ब्राह्मण समाज रतलाम द्वारा बागडो का वास स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर पर शुक्रवार को बागडेश्वर महादेव का श्रावण मास में प्रतिदिन अभिषेक करवाया जाएगा। सुबह 10.30 बजे शिवाभिषेक, 12.30 बजे महाआरती तथा सायं को 5 बजे से शिवाभिषेक व 7.30 बजे आरती होगी। सहस्त्रधारा अभिषेक 21, 22, 24, 29 जुलाई व 7 अगस्त को होगा। अभिषेक व आरती में पुरुषोत्तम शर्मा, आशुतोष शर्मा, मनीष शर्मा, सुनील शर्मा, क्षेत्रीय पार्षद हितेश शर्मा (कामरेड) गोपाल सोलंकी, सुरेश शर्मा, विक्की शर्मा, गुणवंता शर्मा, कुंदन बाला शर्मा, विमला शर्मा आदि मौजूद थे।

## पूज्य चालीहा महोत्सव से 16 जुलाई से होगा आयोजित

**रतलाम।** भगवान झूलेलाल देव के 26 वें वंशज सांई मनीषलालजी (सांई भरूचवारा) के सानिध्य में 40 दिवसीय पूज्य चालीहा महोत्सव का शुभारम्भ 16 जुलाई से प्रारम्भ होने जा रहा है। भगवान श्री झूलेलाल जी का पूज्य चालिहा महोत्सव 16 जुलाई को सिंधी समाज के सिंधु सेना श्री लाल सांई चालिहा महोत्सव समिति के तत्वाधान में 10 वे वर्ष में भी 40 दिवसीय महोत्सव श्री कालिका माता मंदिर परिसर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर पर हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। श्री झूलेलाल मंदिर परिसर में श्री लाल सांई सेवा समिति एवं सिंधु सेना द्वारा बैठक संरक्षक राजाराम मोतियानी, मुरली आवतानी, राम लालचंदानी, चन्द्र प्रकाश आवतानी, हाशु कल्याणी, अशोक हेमनानी, श्री मुरली फुलवानी आदि की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 16 जुलाई से 25 अगस्त 2025 तक श्री कालिका माता मंदिर परिसर में स्थित श्री झूलेलाल मंदिर पर 40 दिवसीय महोत्सव मनाने के सम्बंध में कार्य योजना के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में चालिहा महोत्सव धूमधाम से भव्य एवं श्रद्धा के साथ मनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। रमेश चोइथानी ने बताया कि पूज्य चालिहा साहिब महोत्सव सिंधी समाज का सबसे बड़ा त्यौहार है। आपने बताया कि हरियाली अमावस्या, चंद्र दर्शन, चैटी चण्ड, 15 अगस्त, जन्माष्टमी जैसे सभी पर्व के साथ ही इस अवसर पर छप्पन भोग भी लगाया जाता है, इस मौके पर फागुन उत्सव एवं गरबारास का भव्य आयोजन किया जाएगा।

## नेत्रम संस्था के सहयोग से मेडिकल कॉलेज में 100वां नेत्रदान सफलतापूर्वक संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** मेडिकल कॉलेज में 100वां नेत्रदान सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। इसमें नेत्रम संस्था एवं अन्य संस्थाओं के अथक प्रयासों, सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागीता रही। 100 वें नेत्रदान दीनदयाल नगर निवासी स्व. कृष्ण गिरी गोस्वामी के नेत्रदान के रूप में दर्ज हुआ। सुशील मीनू माथुर, शुभम सिंह चौहान एवं मांगूसिंह सोलंकी ने पुत्र सुशील गिरी गोस्वामी, कमलेश गिरी गोस्वामी को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया।



परिजनों की सहमति मिलते ही नेत्रम संस्था ने मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. अनीता मुथा को सूचना दी। डॉ. मुथा के मार्गदर्शन में नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. रिशेन्द्र सिसोदिया, डॉ. अदिति गजभिये, नर्सिंग ऑफिसर विनोद कुशवाह, एवं जीवन देवड़ा की टीम ने नेत्र संग्रहण किया। इससे पूर्व विनोबा नगर निवासी स्व. श्रीमती सुभद्रा नाईक के निधन उपरांत उनके परिजनों ने भी नेत्रदान की सहमति दी।

## सेवा भारती और लायंस क्लब का रक्त-स्वास्थ्य एवं परीक्षण शिविर लगा

**रतलाम।** सेवा संस्था सेवा भारती तथा लायंस क्लब रतलाम ने अपने सेवा कार्यो को विस्तार देते हुए शासकीय जवाहर विद्यालय बिरियाखेड़ी के विद्यार्थियों के रक्त परीक्षण तथा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. बेला ठक्कर द्वारा छात्रों का दंत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ ही लायंस क्लब पैथोलॉजी द्वारा रक्त के नमूने लिए गए। रक्त परीक्षण में विद्यार्थियों को ब्लड ग्रुप तथा हीमोग्लोबिन की जानकारी दी गई जिससे समय पर उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर रक्त की कमी को दूर किया जा सकें।




सेवा भारती के अध्यक्ष अनुज छाजेड़ तथा लायंस क्लब अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि सेवा भारती रतलाम मानव सेवा को समर्पित संस्था के रूप में निरंतर कई वर्षो से स्वास्थ्य सेवा प्रकल्पों का संचालन जिले के ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्र में करती आ रही है। वहीं लायंस क्लब रतलाम भी नगर में बेहतर स्वास्थ्य सेवा हेतु सेवा प्रकल्प (पैथोलॉजी लेब तथा क्लिनिक) का संचाल कई वर्षो से करता आ रहा है। दोनो प्रतिष्ठित सेवा संस्थाओं के साथ में सेवा कार्यों का संचालन सेवा क्षेत्र में नवीनता रचनात्मकता के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की अधिकाधिक सुविधा प्रदान की जा सकेगी।

**यह रहे मौजूद**

सेवा भारती के अनुज छाजेड़, मोहित कसेरा, अभिनव बरमेचा, स्वतंत्र पाटनी, राकेश मोदी, नितिन फलोदिया, आशा दुबे, लायंस क्लब अध्यक्ष दिनेश कुमार, विक्की जैन, स्नेह सचदेवा, हिम्मत सिंह राजपुरोहित, शा. जवाहर स्कूल के संचालक राजेंद्र राठौड़, प्राचार्या मंजुला जादौन, विनिता ओझा, रवि मोदी, राधा मालवीय, मीनाक्षी हरड़े, कीर्ति चावड़ा आदि उपस्थित थे। विद्यालय की विनीता ओझा ने संस्थाओं का धन्यवाद माना।

## विद्यार्थियों को नेत्र ज्योति की महत्ता से कराया अवगत

### जेपीएस के छात्र और समाजसेवीयो ने किया नेत्र चिकित्सालय का अवलोकन

**जावरा।** लायंस नेत्र चिकित्सालय में निरंतर नेत्र ऑपरेशन के माध्यम से कई नेत्र रोगी लाभांवित हो रहे है। उन सभी रोगियों को निशुल्क दवाई, चश्मा वितरण हेतु

चिकित्सालय में समाजसेवी अनिल पोखरना, जेपीएस विद्यालय के संचालक कमल मूणत, प्राध्यापक पीयूष मूणत आदि अतिथियों का स्वागत संस्था पदाधिकारियों ने किया। स्वागत उद्बबोधन अध्यक्ष यश जैन ने देते हुए कहा कि नेत्र चिकित्सालय विगत कई वर्षो से सेवा के पुण्य कार्य में निरंतर लगा हुआ है पर आज की युवा पीढ़ी मोबाइल के सदउपयोग को नहीं समझ पा रही जिसके कई नकारात्मक परिणाम आ रहे है तो सभी विद्यार्थियों को नेत्र ज्योति की महत्ता से अवगत कराया गया।

पढ़ाई के अलावा समाज में



सेवा कार्य जरूरी-

जावरा पब्लिक स्कुल के संचालक कमल मूणत ने लायंस क्लब की सेवा की सराहना करते हुए कहा कि मेरे द्वारा भी कई रोगियों को भेजा गया ओर सभी का इलाज बिना किसी भेदभाव के साथ सेवाभाव से किया गया। पीयूष मूणत ने कहा की पढ़ाई के अलावा भी समाज में सेवा कार्य करना समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन है। जो विद्यार्थियो जीवन में सार्थक परिणाम रहेगा। कार्यक्रम में संस्था के रमेश मेहता, गोपाल सेठिया, घनश्याम रामनानी, सजी वर्गीस सदस्य मनीष कोचर, देवेंद्र शर्मा (नियति प्रेस) व अन्य साथी उपस्थित थे। आभार संस्था कोषाध्यक्ष राकेश कोचट्टा ने माना।

जावरा को मिली नई पहचान-

समाजसेवी अनिल पोखरना ने कहा कि जावरा का दूर दूर तक नाम में एक भूमिका लायंस नेत्र चिकित्सालय की भी है। जिसकी वजह से जावरा को नई पहचान मिली है और सभी बच्चों को मोबाइल का सही उपयोग कर होने वाली आंखों की बीमारियां से बचना चाहिए। सभी अतिथियों और विद्यार्थियों ने नेत्र ऑपरेशन रोगियों को निशुल्क चश्मा एवं दवाई वितरण कर पूरे चिकित्सालय का भ्रमण कर व्यवस्थाओं से अवगत हुए। साथ ही बच्चों ने सभी नेत्र उपकरणों को देख कर एवं सभी सेवा कार्य कर सभी ने भविष्य में भी सेवा कार्य करने का प्रण लिया। जेपीएस विद्यालय परिवार की ओर से नए अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का गुलदस्ते से स्वागत किया।



## भारी भरकम बिजली के बिलों ने उड़ाई उपभोक्ताओं की नींद

### ठोक दिए स्मार्ट मीटर, बिजली विभाग बना चीटर

**जावरा।** जिन बिजली उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लग चुके उनको विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा अनाप शनाप राशि के बिल थमाए जा रहे हैं। इससे उनमें विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश पनपने लगा है। शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता असलम मेव सहित बडी संख्या में उपभोक्ता स्थानीय बिजली कार्यालय पहुंचे और बडी हुई राशि के बिजली खपत के बिल मिलने पर नाराजगी जताई। नगर के कई बिजली उपभोक्ताओं ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने से पहले उनके यहां विद्युत खपत का बिल प्रतिमाह संतोषजनक प्राप्त होता था। लेकिन मंडल ने मनमानी करते हुए बिजली उपभोक्ताओं के विरोध को दरकिनार कर पुराने मीटर उखाड फेंके और उपभोक्ताओं की मर्जी के बगैर उनके स्थान पर स्मार्ट मीटर लगा डाले। जो कंपनी के इंदौर स्थित केंद्र से ही संचालित होते हैं और तेज गति से यूनिट बनाते हैं। इस प्रकार यह सीधे-सीधे बिजली उपभोक्ताओं की जेब पर डाका है। गरीब व मजदूर वर्ग के लोगों के घर शासन की योजना के तहत लगे मीटर भी उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। ऐसे उपभोक्ताओं के समक्ष दोहरा संकट खडा हो गया है। घर-परिवार का खर्च उठाए कि अंट-शंट राशि के मिल रहे बिजली बिल का भुगतान करे।